दिनांक 03 मार्च, 2025

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ में विश्व वन्यजीव दिवस– 2025 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती अदिति शर्मा, निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ, डा0 उत्कर्ष शुक्ला, उप निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ एवं श्री दिनेश बडोला, क्षेत्रीय वनाधिकारी, नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ के साथ प्राणी उद्यान के कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्व वन्यजीव दिवस–2025 के उपलक्ष्य में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राग नारायण रोड स्थित राजकीय बाल गृह शिशु एवं प्राणि उद्यान के आस–पास स्थित झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले लगभग 150 बच्चों को प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा निःशुल्क भ्रमण कराया गया एवं बालरेल की सैर करायी गयी। विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर आये बच्चों द्वारा प्राणि उद्यान का भ्रमण करते हुए वन्य जीवों को देखकर काफी खुश नजर आये। बच्चे जब प्राणि उद्यान की बालरेल की सवारी कर रहे थे तो वह काफी उत्साहित थे। बच्चों द्वारा बताया गया कि वह प्रथम बार प्राणि उद्यान का भ्रमण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। बच्चों के साथ आये अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राणि उद्यान, लखनऊ की निदेशक श्रीमती अदिति शर्मा ने सभी बच्चों को आकर्षक उपहार वितरित करते हुए विश्व वन्य जीव दिवस की शुभकामनायें दी।

(ह0)
(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ।